राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–pr.rajbhavan@gmail.com
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

पटना गोल्फ क्लब राज्य में गोल्फ खेल के विकास हेतु बेहतर प्रयास कर रहा है–राज्यपाल

पटना, 22 फरवरी 2020

''पटना गोल्फ क्लब राज्य में गोल्फ खेल के विकास हेतु बेहतर प्रयास कर रहा है। पटना गोल्फ क्लब की देखरेख में गोल्फ एकेडमी की भी शुरूआत की जा चुकी है। बिहार में गोल्फ की प्रगति के लिए यह एक सही निर्णय है। 'गोल्फ एकेडमी' की स्थापना हो जाने के बाद यहाँ बाहरी प्रशिक्षु भी सीखने आ सकते हैं।''–उक्त उद्‌गार, महामहिम राज्यपाल श्री फागू चौहान ने स्थानीय गोल्फ क्लब परिसर में आयोजित '47वीं वार्षिक गोल्फ चैम्पियनशिप' के 'पुरस्कार–वितरण–समारोह' में व्यक्त किये।

राज्यपाल ने कहा कि कमजोर आर्थिक स्थिति वाली प्रतिभाओं को इस गोल्फ–अकादमी में निश्चित रूप से प्राथमिकता मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि गोल्फ खेल, जिसे कभी धनाढ्य वर्ग का खेल माना जाता था और इस बात में बहुत हद तक सच्चाई भी थी, उसे आम–जन में भी अब लोकप्रिय बनाने के लिए तेजी से प्रयास होना चाहिए। श्री चौहान ने कहा कि शरीर, मन, मस्तिष्क –तीनों को एक साथ साधने वाला यह एक बहुत बढ़िया खेल है। राज्यपाल ने कहा कि पटना गोल्फ क्लब उत्कृष्ट रूप में इस खेल की यहाँ प्रतियोगिताएँ आयोजित करता रहे तथा यहाँ से निकली प्रतिभाएँ बिहार प्रान्त एवं भारत का नाम रोशन करती रहें, मेरी यह शुभकामना है।

राज्यपाल ने कहा कि भारत में गोल्फ खेल का काफी पुराना इतिहास रहा है। विश्व के विभिन्न सम्पन्न देशों में इस खेल को पूरा प्रश्रय मिला है। किन्तु अब तो चीन जैसे देश, जो क्रिकेट जैसे लोकप्रिय खेल में भी रूचि नहीं दिखाते, गोल्फ को पसंद करने लगे हैं। राज्यपाल श्री चौहान ने कहा कि भारत में 1829 में स्थापित 'रॉयल कलकत्ता गोल्फ क्लब' स्कॉटलैंड में 'सेंट एंड्रूज' के बाद विश्व में दूसरा सबसे पुराना 'गोल्फ कोर्स' (मैदान) है, जिसे एशिया में 'गोल्फ का गेटवे' कहा जाता है। कोलकाता पटना का निकटवर्ती महानगर है। गोल्फ इन दो शहरों को शायद और अधिक करीब ला सकता है। उन्होंने सुझाया कि 'रॉयल कलकत्ता गोल्फ क्लब' से सम्पर्क कर 'पटना गोल्फ क्लब' को विकसित करने की दिशा में ठोस पहल होनी चाहिए।

राज्यपाल ने कहा कि पटना गोल्फ क्लब भारत के प्राचीनतम गोल्फ क्लबों में से एक है। 100 वर्ष से भी अधिक पुराना यह क्लब अपना 'शताब्दी वर्ष' आयोजित कर चुका है। इसकी स्थापना सर चार्ल्स स्टूअर्ट बेली द्वारा की गई थी, जो 01 अप्रैल, 1912 से 19 नवम्बर, 1915 तक बिहार के गवर्नर थे। राज्यपाल ने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि बिहार के राज्यपाल को क्लब का मुख्य संरक्षक अब भी बरकरार रखा गया है। उन्होंने कहा कि इस नाते कार्यक्रम में शामिल होना मेरा नैतिक दायित्व था। राज्यपाल ने '47वीं पटना वार्षिक गोल्फ–चैम्पियनशिप' के सफल प्रतिभागियों एवं क्लब अधिकारियों को अपनी बधाई भी दी।

कार्यक्रम को भारत के लोकपाल–सदस्य (न्यायिक) जस्टिस अजय कुमार त्रिपाठी ने संबोधित करते हुए कहा कि पटना गोल्फ क्लब का गौरवशाली इतिहास रहा है। उन्होंने उम्मीद जाहिर की कि क्लब के खिलाड़ी भविष्य में इसका नाम और अधिक रोशन करेंगे।

कार्यक्रम में पटना गोल्फ क्लब के अध्यक्ष श्री मानिक वेडसेन ने क्लब की गतिविधियों पर प्रकाश डाला। समारोह में स्वागत–भाषण क्लब के मानद–सचिव श्री अरविन्द सिंह ने किया। कार्यक्रम में क्लब के उपाध्यक्ष श्री कृष्ण लाल ने भी संबोधित किया। धन्यवाद–ज्ञापन क्लब के अधिकारी श्री अरविन्द सिंह ने किया। कार्यक्रम में चैम्पियनशिप के विजेता गोल्फ खिलाड़ियों को पुरस्कृत भी किया गया।

....